Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## जून भाग-1 2024

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न और उत्तर

1. **X-किरणों (X-rays) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. यह विद्युत चुंबकीय विकिरण का एक रूप है जिसमें दृश्य प्रकाश की तुलना में उच्च ऊर्जा, उच्च आवृत्ति और लघु तरंगदैर्घ्य होती है।
   2. इसमें मानव शरीर सहित अधिकांश माध्यमों में प्रवेश करने और आंतरिक संरचनाओं की छवियाँ उत्पन्न करने की क्षमता होती है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**X- किरणें (X-rays):**

- यह विद्युत चुंबकीय विकिरण का एक रूप है जिसमें दृश्य प्रकाश की तुलना में **उच्च ऊर्जा, उच्च आवृत्ति और लघु तरंगदैर्घ्य** होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह मानव शरीर सहित अधिकांश माध्यमों से गुजर सकती है और आंतरिक संरचना की छवियाँ उत्पन्न कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसमें आवेशित कणों या उत्तेजित परमाणुओं को तेज़ या धीमा करके उत्पादित किया जाता है।
- विज्ञान, चिकित्सा, उद्योग और सुरक्षा अनुप्रयोगों में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

2. **आनुवंशिक रूप से संशोधित मच्छरों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. आनुवंशिक रूप से संशोधित मच्छर के अंडे, जो स्व-सीमित जीन और फ्लोरोसेंट मार्कर जीन दोनों से सुसज्जित होते हैं, एक विशिष्ट क्षेत्र में छोड़े जाते हैं।
   2. आनुवंशिक रूप से संशोधित मादा संतान वयस्क होने के बाद मर जाती है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आनुवंशिक रूप से संशोधित मच्छर (Genetically Modified Mosquitoes):**

- आनुवंशिक रूप से संशोधित मच्छर के अंडे, जो स्व-सीमित जीन और फ्लोरोसेंट मार्कर जीन दोनों से सुसज्जित होते हैं, एक विशिष्ट क्षेत्र में छोड़े जाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- मादा संतानें वयस्क होने से पहले ही मर जाती हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अपेक्षित परिणाम यह है कि क्षेत्र में एडीज़ एजिप्टी मच्छरों की संख्या कम हो गई है।

3. **भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (NAFED) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. यह खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के तहत एक कार्यरत एक शीर्ष संगठन है।
   2. यह बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत है।
   3. यह भारत में प्याज, दालों और तिलहन जैसे कृषि उत्पादों के सबसे बड़े खरीददारों में से एक है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (National Agricultural Cooperative Marketing Federation of India Ltd - NAFED):**

- यह भारत सरकार के **कृषि मंत्रालय (Ministry of Agriculture)** के अंतर्गत एक शीर्ष संगठन है जो भारत में

कृषि उपज के लिये सहकारी समितियों के विपणन से संबंधित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- यह **बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002** के तहत पंजीकृत है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह देश में उत्पादित प्याज, दालों और तिलहन जैसे कृषि उत्पादों का सबसे बड़ा खरीददार है। **अतः कथन 3 सही है।**

**4. गेहूँ उत्पादन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गेहूँ एक रबी फसल है जिसे पकने के लिये ठंडे मौसम और तेज़ धूप की आवश्यकता होती है।
2. इसकी कृषि के लिये अच्छी जल निकासी वाली उपजाऊ और चिकनी दोमट मिट्टी की आवश्यकता होती है।
3. चीन के बाद भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा गेहूँ उत्पादक देश है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- गेहूँ एक **रबी फसल** है जिसे **पकने के समय ठंडे मौसम और तेज़ धूप** की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **तापमान:** तेज़ सूर्य के प्रकाश के साथ 10-15°C (बुवाई का समय) और 21-26°C (पकने और कटाई) के बीच।
  - **वर्षा:** लगभग 75-100 सेमी।
  - **मृदा का प्रकार: अच्छी जल निकासी वाली उपजाऊ और चिकनी दोमट** (गंगा-सतलुज मैदान व दक्कन का काली मृदा वाला क्षेत्र)। **अतः कथन 2 सही है।**
- वित्त वर्ष 2023-24 में चीन के बाद भारत **विश्व का दूसरा सबसे बड़ा गेहूँ उत्पादक** और उपभोक्ता देश होगा। अतः कथन 3 सही है।

**5. विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक स्वायत्त निकाय है, जिसमें भारत सहित 193 सदस्य देश शामिल हैं।
2. WIPO द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स, 2023 रैंकिंग में भारत 40वें स्थान पर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (World Intellectual Property Organisation- WIPO):**

- यह **बौद्धिक संपदा (Intellectual Property- IP) सेवाओं**, नीति, सूचना और सहयोग के लिये वैश्विक मंच है। यह **संयुक्त राष्ट्र** की एक **स्व-वित्तपोषित एजेंसी है,** जिसमें **भारत सहित** 193 सदस्य देश शामिल हैं।
  - यह संयुक्त राष्ट्र की **सबसे पुरानी विशेष एजेंसियों** में से एक है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **विश्व बौद्धिक संपदा संगठन** द्वारा प्रकाशित **वैश्विक नवाचार सूचकांक, 2023** रैंकिंग में भारत **132 अर्थव्यवस्थाओं** में से **40वें स्थान** पर है। **अतः कथन 2 सही है।**

**6. दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (IBC) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य दिवालियापन समाधान के लिये समयबद्ध और ऋणदाता-संचालित प्रक्रिया प्रदान करना तथा ऋण संस्कृति में सुधार करना है।
2. इसका उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली को प्रभावित करने वाले खराब ऋण की समस्याओं से निपटना था।
3. IBC दिवालिया कंपनियों की भागीदारी के बिना दावों का समाधान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (IBC):**

- IBC का उद्देश्य दिवालियापन समाधान के लिये समयबद्ध और ऋणदाता-संचालित प्रक्रिया प्रदान करना और देश में ऋण संस्कृति तथा कारोबारी माहौल में सुधार करना है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- इसका उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली को प्रभावित करने वाली खराब ऋण समस्याओं से निपटना था। **अत: कथन 2 सही है।**
- IBC दिवालिया कंपनियों से जुड़े दावों का समाधान करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**7. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक वैधानिक निकाय है जो भारत में अनुसूचित जातियों के हितों की रक्षा के लिये कार्य करता है।
2. आयोग को एंग्लो-इंडियन समुदाय के संबंध में भी उसी तरह के कार्य करने की आवश्यकता है जैसे वह अनुसूचित जातियों के संबंध में करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग:**

- यह एक संवैधानिक निकाय है जो भारत में अनुसूचित जातियों (SC) के हितों की रक्षा के लिये कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये एक राष्ट्रीय आयोग का प्रावधान है, जिसका कार्य उनके लिये प्रदान किये गए सुरक्षा उपायों से संबंधित सभी मामलों की जाँच और निगरानी करना, विशिष्ट शिकायतों की जाँच करना तथा उनके सामाजिक-आर्थिक विकास आदि की योजना प्रक्रिया में भाग लेना और सलाह देना होगा।
- आयोग को एंग्लो-इंडियन समुदाय के संबंध में भी उसी तरह के कार्य करने की आवश्यकता है जैसा कि वह अनुसूचित जातियों के संबंध में करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**8. गैर-संचारी रोगों (NCD) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NCD को क्रॉनिक बीमारी भी कहा जाता है, जो आनुवंशिक, शारीरिक और पर्यावरणीय कारकों के मिश्रण से उत्पन्न होती है।
2. सतत् विकास लक्ष्य 3.4 का लक्ष्य 2030 तक एनसीडी से होने वाली असामयिक मृत्यु दर को एक तिहाई तक कम करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- गैर-संचारी रोग (NCD), जिन्हें **क्रॉनिक रोग** भी कहा जाता है, **लंबे समय तक चलने वाले** होते हैं और ये आनुवंशिक, शारीरिक, पर्यावरणीय और व्यवहार संबंधी कारकों के संयोजन का परिणाम होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **सतत् विकास लक्ष्य 3.4** में कहा गया है कि वर्ष 2030 तक रोकथाम और उपचार के माध्यम से NCD से होने वाली समयपूर्व मृत्यु दर में एक तिहाई की कमी आएगी। **अत: कथन 2 सही है।**
- NCD के मुख्य प्रकार **हृदय संबंधी रोग (जैसे दिल का दौरा और स्ट्रोक)**, **कैंसर**, **दीर्घकालिक श्वसन रोग** (जैसे क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज़ और अस्थमा) और मधुमेह हैं।

**9. ग्लोबल वार्मिंग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रीनहाउस गैसें पृथ्वी से उत्सर्जित होने वाली अधिकांश दीर्घ-तरंग अवरक्त विकिरण को अवशोषित कर लेती हैं, जो निचले वायुमंडल को गर्म करती हैं।
2. पृथ्वी पर अब तक का सबसे अधिक तापमान वर्ष 1913 में कैलिफोर्निया के डेथ वैली में 56.7°C दर्ज किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **ग्लोबल वार्मिंग से** तात्पर्य मानवीय गतिविधियों, मुख्य रूप से **कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$)** और **मीथेन ($CH_4$)** जैसी **ग्रीनहाउस गैसों (GHG)** के उत्सर्जन के कारण पृथ्वी की सतह के औसत तापमान में दीर्घकालिक वृद्धि से है।

- ग्रीनहाउस वायुमंडलीय गैसें (जैसे जल वाष्प और कार्बन डाइऑक्साइड) पृथ्वी से उत्सर्जित अधिकांश दीर्घ तरंग अवरक्त विकिरण को अवशोषित करती हैं, जो निचले वायुमंडल को गर्म करती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- पृथ्वी पर अब तक का सबसे अधिक तापमान वर्ष 1913 में **कैलिफोर्निया** के **डेथ वैली में 56.7°C** दर्ज किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**

**10. नील नदी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भूमध्य रेखा के दक्षिण में बुरुंडी, अफ्रीका से निकलती है।
2. भूमध्य सागर में अपने अंतिम बिंदु तक पहुँचने से पहले यह मिस्र और 10 अन्य अफ्रीकी देशों से होकर गुज़रती है।
3. नील नदी 2 मुख्य धाराओं से बनती है, जिनका नाम है ब्लू नील और व्हाइट नील है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- नील नदी **भूमध्य रेखा के दक्षिण** में बुरुंडी, अफ्रीका से निकलती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पूर्वोत्तर अफ्रीका से उत्तर की ओर बहती हुई नील नदी **भूमध्य सागर** में अपने अंतिम बिंदु पर पहुँचने से पूर्व मिस्र तथा 10 अन्य अफ्रीकी देशों, जिनमें **बुरुंडी, तंज़ानिया, रवांडा, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, केन्या, युगांडा, सूडान, इथियोपिया और दक्षिण सूडान** शामिल हैं, से होकर गुज़रती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- नील नदी **तीन प्रमुख धाराओं** से मिलकर बनी है- **ब्लू नील, अटबारा** जो इथियोपिया के ऊँचे इलाकों से बहती हैं तथा **व्हाइट नील** जिसकी मुख्य धाराएँ विक्टोरिया और अल्बर्ट झीलों में जाकर गिरती हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**11. वायरस के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वायरस स्वतंत्र रूप से प्रतिकृति बनाने में असमर्थ होता है, इसे अपनी अधिक प्रतियाँ बनाने के लिये मेज़बान कोशिकाओं को संक्रमित करने की आवश्यकता होती है।
2. वे केवल डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (DNA) से बने होते हैं।
3. वे मानव शरीर में मौजूद कोशिकाओं की तुलना में 100 से 1,000 गुना छोटे होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वायरस:**

- एक वायरस **स्वतंत्र रूप से प्रतिकृति बनाने में असमर्थ** होता है, इसे स्वयं की अधिक प्रतियाँ बनाने के लिये मेज़बान कोशिकाओं को संक्रमित करने की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- कभी-कभी उनके पास कैप्सिड के चारों ओर एक और परत होती है जिसे **एन्वेलोप (envelope)** कहा जाता है।
- वे **आनुवंशिक सामग्री (RNA या DNA)** से बने होते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वे मानव शरीर में मौजूद कोशिकाओं से 100 से 1,000 गुना छोटे होते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**12. ज्वालामुखी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पृथ्वी की पपड़ी में एक छिद्र है जिसके माध्यम से विस्फोट के दौरान लावा बाहर की ओर निकलता है।
2. ज्वालामुखीय गतिविधि को एक बहिर्जात प्रक्रिया माना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ज्वालामुखी **पृथ्वी की पपड़ी** में एक छिद्र है जिसके माध्यम से विस्फोट के दौरान लावा बाहर की ओर निकलता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- ऐसे छिद्र पृथ्वी की पपड़ी के उन भागों में होते हैं जहाँ **चट्टान की सतह अपेक्षाकृत कमज़ोर** होती है।
- ज्वालामुखी गतिविधि को एक **अंतर्जात प्रक्रिया** माना जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- ज्वालामुखी की विस्फोटक प्रकृति के आधार पर, विभिन्न बहिर्वेधी भू-आकृतियाँ निर्मित हो सकती हैं, जैसे पठार (यदि ज्वालामुखी विस्फोटक प्रकृति का न हो), पर्वत (यदि ज्वालामुखी विस्फोटक प्रकृति का हो) या अंतर्वेधी भू-आकृतियाँ जैसे बैकोलिथ, लैकोलिथ आदि।

**13. निम्नलिखित में से कौन OPEC+ का सदस्य नहीं है?**

A. रूस

B. संयुक्त राज्य अमेरिका

C. दक्षिण सूडान

D. मलेशिया

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (OPEC)** की स्थापना वर्ष **1960** में इसके संस्थापक सदस्यों **ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेज़ुएला** द्वारा की गई थी और बाद में इसका विस्तार **13 सदस्य देशों** तक हो गया।
- **सदस्य देश** अल्जीरिया, अंगोला, कांगो, इक्वेटोरियल गिनी, गैबॉन, ईरान, इराक, कुवैत, लीबिया, नाइजीरिया, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और वेनेज़ुएला हैं।
- **कतर** ने 1 जनवरी, 2019 को अपनी सदस्यता समाप्त कर दी।
- OPEC को OPEC + के रूप में जाना जाता है, जिसमें **अज़रबैजान, बहरीन, ब्रुनेई, कज़ाकिस्तान, मलेशिया, मैक्सिको, ओमान, रूस, दक्षिण सूडान और सूडान सहित 10 अन्य सहयोगी प्रमुख तेल उत्पादक देश शामिल हैं।**
- **अत: विकल्प b सही है।**

**14. स्वामी विवेकानंद के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने वर्ष 1897 में वेदांत शिक्षाओं के प्रसार में भिक्षुओं को प्रशिक्षित करने के लिये रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।
2. नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने विवेकानंद को "आधुनिक भारत का निर्माता" कहा था।
3. स्वामी विवेकानंद की जयंती को हर साल राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **स्वामी विवेकानंद** का जन्म 12 जनवरी, 1863 को हुआ तथा उनके बचपन का नाम **नरेंद्र नाथ दत्त** था और वे कलकत्ता के एक **पारंपरिक बंगाली परिवार** से थे।
- उन्होंने वर्ष **1897** में **रामकृष्ण मिशन** की स्थापना की, ताकि **वेदांत शिक्षाओं** का प्रसार करने के लिये **त्याग और व्यावहारिक आध्यात्मिकता** के जीवन के लिये समर्पित **भिक्षुओं को प्रशिक्षित** किया जा सके। **अत: कथन 1 सही है।**
- **नेताजी सुभाष चंद्र बोस** ने विवेकानंद को "**आधुनिक भारत का निर्माता**" कहा था। **अत: कथन 2 सही है।**
- स्वामी विवेकानंद की जयंती हर वर्ष **राष्ट्रीय युवा दिवस** के रूप में मनाई जाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**15. निम्नलिखित में से कौन-से देश कावांगो-ज़ाम्बेजी ट्रांस-फ्रंटियर संरक्षण क्षेत्र (KAZA-TFCA) के सदस्य हैं?**

1. नामीबिया
2. ज़ाम्बिया
3. ज़िम्बाब्वे
4. दक्षिण अफ्रीका

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1, 2 और 3

D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: C**


**व्याख्या:**

**कावांगो-ज़ाम्बेजी ट्रांस-फ्रंटियर संरक्षण क्षेत्र (KAZA-TFCA):**

- **कावांगो-ज़ाम्बेजी ट्रांस-फ्रंटियर संरक्षण क्षेत्र (KAZA-TFCA) अंगोला, बोत्सवाना, नामीबिया, ज़ाम्बिया और ज़िम्बाब्वे** से बना है।

The Vision

- ये पाँच दक्षिणी अफ्रीकी देश **कावांगो** और **ज़ाम्बेजी नदी घाटियों** के साथ आम सीमाएँ साझा करते हैं।
- KAZA की लगभग 70% भूमि संरक्षण के अधीन है, जिसमें **103 वन्यजीव प्रबंधन क्षेत्र** और **85 वन आरक्षित** शामिल हैं।




- **अतः विकल्प C सही है।**

**16. मातृ मृत्यु दर (MMR) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह किसी निश्चित जनसंख्या या क्षेत्र में प्रति 1000 जीवित जन्मों पर मातृ मृत्यु की संख्या को संदर्भित करता है।
2. भारत में, MMR का अनुमान प्राप्त करने के लिये नमूना पंजीकरण सर्वेक्षण (SRS) का उपयोग किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मातृ मृत्यु दर (Maternal Mortality Rate):**

- यह किसी निश्चित जनसंख्या या क्षेत्र में **प्रति 100,000 जीवित जन्मों** पर मातृ मृत्यु की संख्या को संदर्भित करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत में, MMR का अनुमान प्राप्त करने के लिये नमूना पंजीकरण सर्वेक्षण (Sample Registration Survey) का उपयोग किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - रजिस्ट्रार जनरल के नमूना पंजीकरण सर्वेक्षण कार्यालय ने मार्च 2022 में भारत में मातृ मृत्यु दर पर एक विशेष बुलेटिन जारी किया है।

**17. राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) के अधीन है जिसका उद्देश्य प्रोजेक्ट टाइगर को वैधानिक अधिकार प्रदान करना है।
2. इसका गठन वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA):**

- यह पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) के अधीन है जिसका उद्देश्य प्रोजेक्ट टाइगर को वैधानिक अधिकार प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - 'प्रोजेक्ट टाइगर' पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक केन्द्र प्रायोजित योजना है।
- इसकी स्थापना वर्ष 2006 में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- NTCA का एक अन्य उद्देश्य बाघ अभयारण्यों के आसपास के क्षेत्रों में स्थानीय लोगों के आजीविका हितों को संबोधित करना है।

**18. भारत के सर्वोच्च न्यायालय के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सर्वोच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार को मोटे तौर पर मूल क्षेत्राधिकार, अपीलीय क्षेत्राधिकार और सलाहकार क्षेत्राधिकार में वर्गीकृत किया जा सकता है।
2. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा राष्ट्रपति के परामर्श से की जाती है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सर्वोच्च न्यायालय:**

- भारत के सर्वोच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार को मोटे तौर पर **मूल क्षेत्राधिकार, अपीलीय क्षेत्राधिकार** और **सलाहकार क्षेत्राधिकार** में वर्गीकृत किया जा सकता है। हालाँकि, सर्वोच्च न्यायालय की अन्य कई शक्तियाँ भी होती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श के बाद राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 124(1)** के तहत कहा गया है कि भारत का एक सर्वोच्च न्यायालय होगा जिसमें एक भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) होंगे और जब तक संसद कानून द्वारा बड़ी संख्या निर्धारित नहीं करती है, तब तक सात से अधिक अन्य न्यायाधीश नहीं होंगे।

**19. "प्रवाह सॉफ्टवेयर" को अक्सर समाचारों में देखा जाता है क्योंकि-**

A. पानी के नीचे अन्वेषण

B. कुल तकनीकी और वाणिज्यिक नुकसान

C. गंगा डॉल्फिन का संरक्षण

D. वायुगतिकीय डिज़ाइन और विश्लेषण

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**प्रवाह सॉफ्टवेयर:**

- **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)** ने **एयरोस्पेस व्हीकल एयरो-थर्मो-डायनेमिक एनालिसिस (PraVaHa)** के लिये **पैरेलल RANS सॉल्वर** नामक **कम्प्यूटेशनल फ्लुइड डायनेमिक्स (CFD)** सॉफ्टवेयर विकसित किया है।
- इसे विशेष रूप से प्रक्षेपण वाहनों और **पंखयुक्त तथा बिना पंखयुक्त (Winged and Unwinged)** पुनः प्रवेश वाहनों जैसे एयरोस्पेस वाहनों के **वायुगतिकी एवं ऊष्मागतिकी** का विश्लेषण करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
- यह एयरोस्पेस वाहनों के चारों ओर **वायु प्रवाह का अनुकरण** करता है तथा **परिणामी बलों** और तापीय प्रभावों की **गणना** करता है, जो इन निकायों के लिये आवश्यक आकार, संरचना एवं **थर्मल प्रोटेक्शन सिस्टम (TPS)** को डिज़ाइन करने के लिये आवश्यक है।
- **अतः विकल्प D सही है।**

**20. एशियाई जंगली कुत्तों (ढोल) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में, वे केवल पश्चिमी घाटों में पाए जाते हैं।
2. इसे IUCN रेड लिस्ट में गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
3. ढोल अत्यधिक सामाजिक जानवर होते हैं और वे अक्सर झुंड में शिकार करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**एशियाई जंगली कुत्ते (ढोल):**

- **एशियाई जंगली कुत्ते (ढोल)** भारत भर में **तीन समूहों,** अर्थात् **पश्चिमी और पूर्वी घाट, मध्य भारतीय परिदृश्य** और पूर्वोत्तर **भारत** में पाए जाते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे **IUCN रेड लिस्ट** में **लुप्तप्राय** के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ढोल **अत्यधिक सामाजिक** जानवर हैं, और वे अक्सर 5 से 12 के **झुंड में शिकार** करते हैं। ये समूह 30 या 40 सदस्यों तक बढ़ सकते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**21. चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह बेल्ट एंड रोड पहल की एक प्रमुख परियोजना है।
2. इसका उद्देश्य उत्तर-पश्चिमी चीनी प्रांत झिंजियांग को पाकिस्तानी बंदरगाह ग्वादर से जोड़ना है।
3. यह स्वेज नहर से बचकर मध्य पूर्व से चीन के ऊर्जा आयात के लिए मार्ग को छोटा कर देगा।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC):**

- यह उस जगह पर स्थित है जहाँ **सिल्क रोड इकोनॉमिक बेल्ट** और **21वीं सदी का समुद्री सिल्क रोड** मिलता है। इसलिए, यह "बेल्ट एंड रोड" पहल की एक **प्रमुख परियोजना** है।**अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य लगभग **3000 किलोमीटर** लम्बी सड़कों के नेटवर्क के माध्यम से उत्तर-पश्चिमी चीनी प्रांत **झिंजियांग** को पाकिस्तानी बंदरगाह **ग्वादर** से जोड़ना है।**अतः कथन 2 सही है।**
- यह मलेशिया और इंडोनेशिया के बीच **मलक्का जलडमरूमध्य** से मौजूदा मार्ग से बचकर **मध्य पूर्व** से चीन के ऊर्जा आयात के लिए **मार्ग को छोटा** कर देगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**22. भारतीय पशुपालक समुदायों के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| समुदाय | राज्य |
|---|---|
| 1. गद्दी | हिमाचल प्रदेश |
| 2. धनगर | महाराष्ट्र |
| 3. मालधारी | गुजरात |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. कोई भी युग्म नहीं
B. केवल एक युग्म
C. केवल दो युग्म
D. सभी तीन युग्म

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (Food and Agriculture Organization- FAO) के अनुसार,** पशुपालन पशुधन उत्पादन पर आधारित आजीविका प्रणाली है।
  - इसमें पशुपालन, डेयरी, मांस, ऊन और चमड़ा उत्पादन शामिल हैं।
- **भारत में पशुपालक समुदायों के उदाहरण:**
  - **गुज्जर** (जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश),
  - **रायका/रेबारी** (राजस्थान और गुजरात),
  - **गद्दी** (हिमाचल प्रदेश)। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
  - **बकरवाल** (जम्मू और कश्मीर)
  - **धनगर** (महाराष्ट्र)। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
  - **मालधारी** (गुजरात)। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- हाल ही में **संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय (UN Convention on Combating Desertification- UNCCD)** की **रिपोर्ट में चरागाहों एवं चरवाहों** के बारे में कहा गया है कि **भारत में लाखों चरवाहों** को उनके अधिकारों की बेहतर मान्यता और बाज़ारों तक पहुँच की आवश्यकता है।
- **अतः विकल्प D सही है।**

**23. LiDAR तकनीक के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. LiDAR या लाइट डिटेक्शन और रेंजिंग, एक लोकप्रिय रिमोट सेंसिंग विधि है जिसका उपयोग पृथ्वी की सतह पर किसी वस्तु की सटीक दूरी मापने के लिये किया जाता है।
2. LiDAR लक्ष्य वस्तु के बारे में सटीक 3D जानकारी उत्पन्न करने के लिये एक स्पंदित लेजर का उपयोग करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**LiDAR तकनीक:**

- LiDAR, या **प्रकाश का पता लगाना और रेंजिंग,** एक लोकप्रिय रिमोट सेंसिंग विधि है जिसका उपयोग **पृथ्वी की सतह पर किसी वस्तु की सटीक दूरी** मापने के लिये किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- LiDAR पृथ्वी की सतह और लक्ष्य वस्तु के बारे में **सटीक 3D जानकारी** उत्पन्न करने के लिये एक स्पंदित लेजर का उपयोग करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

- ये प्रकाश स्पंदन, **हवाई प्रणाली** द्वारा एकत्रित जानकारी के साथ संयोजित होते हैं।

**24. राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विद्युत मंत्रालय की एक पायलट परियोजना है जिसका उद्देश्य देश के भू-भाग और कम सौर और पवन टैरिफ का लाभ उठाकर कम लागत वाली हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है।
2. इसका लक्ष्य 2030 तक 1 लाख करोड़ रुपए के जीवाश्म ईंधन आयात और लगभग 50 मिलियन मीट्रिक टन (MMT) प्रति वर्ष CO2 उत्सर्जन को कम करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन:**

- यह **नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE)** की एक पायलट परियोजना है, जिसका उद्देश्य देश के भू-भाग और कम सौर एवं पवन टैरिफ का लाभ उठाकर कम लागत वाली हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- मिशन का लक्ष्य 2030 तक 1 लाख करोड़ रुपये के जीवाश्म ईंधन आयात और लगभग 50 मिलियन मीट्रिक टन (MMT) प्रति वर्ष CO2 उत्सर्जन को कम करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस बदलाव को सक्षम करने के लिये **ग्रीन हाइड्रोजन को एक आशाजनक विकल्प माना** जाता है। हाइड्रोजन का उपयोग अक्षय ऊर्जा के दीर्घकालिक भंडारण, उद्योग में जीवाश्म ईंधन के प्रतिस्थापन, स्वच्छ परिवहन और संभावित रूप से विकेंद्रीकृत बिजली उत्पादन, विमानन तथा समुद्री परिवहन के लिये भी किया जा सकता है।

**25. राज्यपाल से संबंधित निम्नलिखित सिफारिशों पर विचार कीजिये:**

1. विधान सभा में सबसे व्यापक समर्थन प्राप्त करने वाली पार्टी या गठबंधन को सरकार बनानी चाहिये।
2. चुनाव पूर्व गठबंधनों को एक इकाई के रूप में माना जाना चाहिये, और यदि वे बहुमत प्राप्त करते हैं, तो उनके नेता को राज्यपाल द्वारा सरकार बनाने के लिये आमंत्रित किया जाना चाहिये।
3. यदि किसी भी पार्टी या चुनाव पूर्व गठबंधन को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता है, तो राज्यपाल को मुख्यमंत्री का चयन करने के लिये वरीयता के एक निर्धारित क्रम का पालन करना चाहिये।

**ये सिफारिशें किस आयोग ने प्रदान कीं?**

A. शाह आयोग
B. मंडल आयोग
C. पूंछी आयोग
D. केलकर आयोग

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **मार्च 2010** में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाले **पुंछी आयोग** ने स्पष्ट नियम स्थापित किये कि राज्यपालों को त्रिशंकु विधानसभाओं में मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति कैसे करनी चाहिये। कुछ प्रमुख सिफारिशें इस प्रकार हैं:
  - जिस पार्टी या पार्टियों के गठबंधन को **विधानसभा में व्यापक समर्थन प्राप्त हो,** उसे सरकार बनाने के लिये आमंत्रित किया जाना चाहिये।
  - यदि कोई **चुनाव पूर्व समझौता या गठबंधन पर आधारित** है, तो उसे एक राजनीतिक दल माना जाना चाहिये और यदि ऐसे गठबंधन को बहुमत प्राप्त होता है, तो ऐसे **गठबंधन के नेता को राज्यपाल द्वारा सरकार बनाने के लिये बुलाया** जाएगा।
  - यदि किसी भी **पार्टी या चुनाव पूर्व गठबंधन को स्पष्ट बहुमत नहीं** मिलता है, तो राज्यपाल को यहाँ दर्शाए गए **वरीयता क्रम के आधार पर मुख्यमंत्री का चयन करना** चाहिये।
- हालाँकि अन्य आयोगों ने इस मुद्दे से संबंधित उपर्युक्त सिफारिशें नहीं दीं।
- **अतः विकल्प C सही है।**

**26. यूथेनेसिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूथेनेसिया से तात्पर्य है, जानबूझकर जीवन समाप्त करना, सामान्यतः किसी पीड़ा से राहत पाने हेतु।

2. उपचार वापस लेना या रोकना सक्रिय यूथेनेसिया का उदाहरण है।
3. उच्चतम न्यायालय ने गरिमा के साथ मरने के अधिकार को मौलिक अधिकार और अनुच्छेद-21 के एक पहलू के रूप में मान्यता दी है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**यूथेनेसिया:**

- **यूथेनेसिया** से तात्पर्य है, जानबूझकर जीवन समाप्त करना, सामान्यत: किसी पीड़ा से राहत पाने हेतु। यह किसी मरीज़ को मृत्यु तक शीघ्र पहुँचाने से संबंधित है ताकि आगे की पीड़ा को रोका जा सके। **अत: कथन 1 सही है।**
- **निष्क्रिय यूथेनेसिया का उदाहरण है:**
  - **उपचार वापस लेना:** उदाहरण के लिये किसी व्यक्ति को जीवित रखने वाली मशीन को बंद करना, ताकि वह अपने रोग से मर जाए।
  - **उपचार रोकना:** उदाहरण के लिये ऐसी सर्जरी न करना जो थोड़े समय के लिये जीवन को बढ़ा दे। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- कॉमन कॉज बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2018) में उच्चतम न्यायालय ने गरिमा के साथ मरने के अधिकार को मौलिक अधिकार और अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) के एक पहलू के रूप में मान्यता दी। **अत: कथन 3 सही है।**

**27. ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स ( ONDC ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य अमेज़न, फ्लिपकार्ट जैसी बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों और छोटे ऑफलाइन व्यापारियों के लिये समान अवसर उपलब्ध कराना है।
2. यह इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक पहल है।
3. यह सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अनुरूप है, जिसे उभरते व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक के अनुपालन के लिये डिज़ाइन किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स ( ONDC ):**

- इसका उद्देश्य **अमेज़न, फ्लिपकार्ट जैसी बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों** और **छोटे ऑफलाइन व्यापारियों** के लिये समान अवसर उपलब्ध कराना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत **उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग ( DPIIT ) की एक पहल है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह प्लेटफॉर्म **सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000** के तहत आता है, जिसे उभरते **व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक** के अनुपालन के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंकुरण को रोकता है
2. अनाज का कृमिनाशक है
3. अपघटन को धीमा करता है

**उपर्युक्त में से कौन-सा खाद्य विकिरण की सहायत से प्राप्त किया जा सकता है ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**खाद्य विकिरण:**

- **खाद्य विकिरण** का उपयोग जीवित या वनस्पति पदार्थों में **सूक्ष्मजीवों** और परजीवियों को **नष्ट करके** कुछ खाद्य पदार्थों को संरक्षित करने के लिये किया जाता है।
- कम डोज़ का खाद्य विकिरण अंकुरण को रोकता है, अनाज एवं फलों को कृमि मुक्त करने में योगदान देता है और अपघटन की शारीरिक प्रक्रियाओं को धीमा कर देता है।

नोट :

- **आलू** और **प्याज़** के अंकुरण को रोकने के लिये विकिरणित किया जाता है ताकि वे लंबे समय तक संरक्षित रहें।
- **स्ट्रॉबेरी** और **टमाटर** को उनकी परिपक्वता को धीमा करने के लिये समान उपचार दिया जाता है।
- **मसालों और सूखी सब्जियों** को भी सूक्ष्मजीवों को नष्ट करने के लिये उपचारित किया जाता है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**29. निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत ब्रह्मांड की उत्पत्ति से संबंधित है?**

1. बिग बैंग सिद्धांत
2. स्थिर अवस्था सिद्धांत
3. मल्टीवर्स सिद्धांत
4. बिग स्प्लैट सिद्धांत

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ब्रह्मांड की उत्पत्ति:**

- **बिग बैंग सिद्धांत, स्थिर अवस्था सिद्धांत** और **मल्टीवर्स सिद्धांत ब्रह्मांड की उत्पत्ति** से संबंधित हैं।
  - **बिग बैंग सिद्धांत:** यह प्रस्तावित करता है कि ब्रह्मांड की शुरुआत लगभग 13.7 अरब वर्ष पूर्व एक **असीम रूप से गर्म और घने एकल बिंदु** से हुई थी, जिसे **सिंगुलैरिटी** के रूप में जाना जाता है।
  - **स्थिर अवस्था सिद्धांत:** यह ब्रह्मांड के प्रत्यक्ष विस्तार को समझाने के लिये पूरे ब्रह्मांड में पदार्थ के निरंतर निर्माण का प्रस्ताव करता है।
  - **मल्टीवर्स:** यह सुझाव देता है कि **कई ब्रह्मांड** या ब्रह्मांडों के बुलबुले हैं, जिनमें से प्रत्येक के अपने **भौतिक नियम** हैं।
- **बिग स्प्लैट सिद्धांत पृथ्वी के चंद्रमा** के निर्माण से संबंधित है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**30. हिंद-प्रशांत क्षेत्र के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन "स्क्वाड" रक्षा साझेदारी का सदस्य नहीं है?**

A. संयुक्त राज्य अमेरिका
B. जापान
C. फिलीपींस
D. भारत

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**"स्क्वाड" रक्षा साझेदारी:**

- **संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान और फिलीपींस** एक उभरते क्षेत्रीय समूह के सदस्य हैं, जिसे **"स्क्वाड"** नाम दिया गया है।
- **स्क्वाड गठबंधन** कई क्षेत्रीय साझेदारियों में से एक है जिसे संयुक्त राज्य अमेरिका ने व्यापक **हिंद-प्रशांत क्षेत्र** में **चीन की आक्रामकता का मुकाबला** करने के लिये बनाया है।
- **अन्य उल्लेखनीय** साझेदारियों में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान से मिलकर बना **क्वाड** तथा ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन एवं अमेरिका के बीच रक्षा समझौता **AUKUS** शामिल है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**31. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक देश की किसी फर्म या व्यक्ति द्वारा दूसरे देश में स्थित व्यावसायिक हितों में किया गया निवेश है।
2. यह विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के समान है जहाँ विदेशी संस्था किसी कंपनी के स्टॉक एवं बॉण्ड खरीदती है।
3. FDI के स्वचालित रूट के लिये सरकार अथवा RBI की पूर्व मंजूरी की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI):**

- **विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI), देश में किसी फर्म या व्यक्ति द्वारा दूसरे देश में स्थित व्यावसायिक हितों में किया गया निवेश** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह **विदेशी पोर्टफोलियो निवेश से भिन्न** है, जहाँ विदेशी संस्था केवल किसी कंपनी के स्टॉक और बॉण्ड खरीदती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **स्वचालित मार्ग:** इसमें विदेशी संस्था को सरकार अथवा RBI की पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

- **सरकारी मार्ग:** इसमें विदेशी इकाई को सरकार की मंजूरी प्राप्त करनी होती है।

**32. बेला ब्लॉक प्रिंटिंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कच्छ क्षेत्र का एक शिल्प है, जो कम ज्ञात और अस्पष्ट है तथा मुख्य रूप से खत्री समुदाय द्वारा प्रचलित है।
2. इसे जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा लुप्तप्राय शिल्प के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**बेला ब्लॉक प्रिंटिंग:**

- यह **कच्छ क्षेत्र का एक शिल्प** है, जो कम ज्ञात और अस्पष्ट है तथा मुख्य रूप से **खत्री समुदाय** द्वारा प्रचलित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वस्त्र मंत्रालय के **हस्तशिल्प विकास आयुक्त कार्यालय** द्वारा भी इसे **लुप्तप्राय शिल्प की सूची में** रखा गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह एक **पारंपरिक वस्त्र कला** है जो अपनी बोल्ड डिज़ाइनों, आकर्षक रंग संयोजनों तथा बनावट वाले कपड़ों पर हाथी और घोड़े जैसे **ग्राफिक रूपांकनों के लिये** जानी जाती है।

**33. लुक-आउट सर्कुलर ( LOC ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. LOC, एक वर्ष की अवधि के लिये वैध होता हैं जब तक कि मूल एजेंसी नवीनीकरण के लिये अनुरोध नहीं करती।
2. यदि किसी व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता अथवा अन्य दंडात्मक कानूनों के तहत कोई संज्ञेय अपराध दर्ज नहीं है, तब LOC वाले व्यक्ति को हिरासत में नहीं लिया जा सकता अथवा देश छोड़ने पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**लुक-आउट सर्कुलर ( LOC ):**

- LOC, **एक वर्ष की अवधि के लिये वैध** हैं जब तक कि मूल एजेंसी नवीनीकरण के लिये अनुरोध नहीं करती। **अत: कथन 1 सही है।**
- यदि किसी व्यक्ति के विरुद्ध **भारतीय दंड संहिता** अथवा **अन्य दंडात्मक कानूनों के तहत कोई संज्ञेय अपराध दर्ज नहीं** है, तब **LOC वाले व्यक्ति को हिरासत में नहीं** लिया जा सकता और **साथ ही देश छोड़ने पर प्रतिबंध नहीं** लगाया जा सकता। **अत: कथन 2 सही है।**
- जिस व्यक्ति के विरुद्ध LOC लाया जाता है, उसकी **पहचान से संबंधित सभी विवरण मूल एजेंसी द्वारा उपलब्ध** कराये जाने चाहिये।

**34. राज्य पुनर्गठन अधिनियम ( 1956 ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह फ़ज़ल अली आयोग की सिफ़ारिशों पर आधारित था।
2. इसने हैदराबाद राज्य के तेलुगु भाषी क्षेत्रों को आंध्र राज्य में मिलाकर विस्तारित आंध्र प्रदेश का निर्माण किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राज्य पुनर्गठन अधिनियम ( 1956 ):**

- यह **फजल अली आयोग की सिफारिशों पर आधारित** था। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस अधिनियम के कारण **भारत भर में राज्य की सीमाओं का पुनर्गठन** हुआ, जिससे **देश के राजनीतिक मानचित्र में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन** आया।
- **राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956** के अंतर्गत **हैदराबाद राज्य के तेलुगु भाषी क्षेत्रों को आंध्र राज्य में मिलाकर विस्तारित आंध्र प्रदेश का निर्माण** किया गया। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

**35. भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड ( IBBI ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IBBI भारत में दिवालियापन कार्यवाही की देखरेख करने वाले नियामक प्राधिकरण के रूप में कार्य करता है।
2. IBBI के अध्यक्ष और वित्त, कानून और दिवालियापन के क्षेत्रों में विशेषज्ञता वाले तीन पूर्णकालिक सदस्यों को सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है।
3. इसमें केवल 4 सदस्य हैं और कोई पदेन सदस्य नहीं है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (IBBI) भारत में दिवालियेपन की कार्यवाही की देखरेख करने वाले **नियामक प्राधिकरण** के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- IBBI के **अध्यक्ष और वित्त, कानून और दिवालियापन के क्षेत्र में विशेषज्ञता वाले** तीन पूर्णकालिक सदस्यों की नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- IBBI में 10 सदस्य हैं, जिनमें वित्त, कानून, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालयों और भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रतिनिधि और पदेन सदस्य शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**36. फाइव आईज़ एलायंस के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक खुफिया गठबंधन है जिसमें ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका जैसे देश शामिल हैं।
2. इसके सदस्य देश बहुपक्षीय यूनाइटेड किंगडम-अमेरिका समझौते के पक्ष में हैं, जो सिग्नल इंटेलिजेंस में संयुक्त सहयोग के लिये एक संधि है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**फाइव आईज़ एलायंस:**

- **फाइव आईज़** एक **खुफिया गठबंधन** है जिसमें **ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका** शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - ये देश बहुपक्षीय **UK-USA समझौते** के पक्ष में हैं, जो सिग्नल इंटेलिजेंस में संयुक्त सहयोग के लिये एक संधि है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2016 में **फाइव आईज़ इंटेलिजेंस ओवरसाइट एंड रिव्यू काउंसिल** अस्तित्व में आई। इसमें फाइव आईज़ देशों की **गैर-राजनीतिक खुफिया निगरानी, समीक्षा और सुरक्षा संस्थाएँ** शामिल हैं।

**37. सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना ( MPLADS ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MPLADS के क्रियान्वयन की ज़िम्मेदारी ग्रामीण विकास मंत्रालय को सौंपी गई है।
2. प्रत्येक संसद सदस्य (MP) अपने निर्वाचन क्षेत्र में प्रति वर्ष 5 करोड़ रुपए तक के कार्यों का सुझाव दे सकता है।
3. राज्यसभा सांसद उस राज्य के एक या अधिक ज़िलों में कार्यों की सिफारिश कर सकता है, जहाँ से वह निर्वाचित हुआ है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना ( MPLADS ):**

- **सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय** को MPLADS के **कार्यान्वयन** की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) के तहत, प्रत्येक **सांसद ( MP )** के पास अपने निर्वाचन क्षेत्र में **प्रति वर्ष 5 करोड़ रुपए** तक के कार्यों के लिये **ज़िला कलेक्टर** को सुझाव देने का विकल्प होता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- **राज्यसभा सांसद** उस राज्य के एक या एक से अधिक ज़िलों में कार्यों की सिफारिश कर सकता है जहाँ से वह निर्वाचित हुआ है। **अतः कथन 3 सही है।**

**38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** संयुक्त राष्ट्र वैश्विक आपूर्ति शृंखला फोरम के उद्घाटन अवसर पर "इंटरमॉडल, निम्न-कार्बन, कुशल और समुत्थानशील माल परिवहन और लॉजिस्टिक्स के लिये घोषणापत्र" लॉन्च किया गया।

**कथन-II:** यह घोषणापत्र वैश्विक जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने और सामाजिक-आर्थिक समुत्थानशीलता बढ़ाने के लिये माल परिवहन को बदलने की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर देता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र वैश्विक आपूर्ति शृंखला फोरम:**

- **संयुक्त राष्ट्र वैश्विक आपूर्ति शृंखला फोरम** के उद्घाटन अवसर पर "**इंटरमॉडल, निम्न-कार्बन, कुशल और समुत्थानशील माल परिवहन और लॉजिस्टिक्स के लिये घोषणापत्र (Manifesto for Intermodal, Low-Carbon, Efficient and Resilient Freight Transport and Logistics)**" लॉन्च किया गया। **अतः कथन I सही है।**
- यह घोषणापत्र **वैश्विक जलवायु लक्ष्यों** को पूरा करने और सामाजिक-आर्थिक समुत्थानशीलता बढ़ाने के लिये माल परिवहन को बदलने की तत्काल आवश्यकता पर बल देता है। **अतः कथन II सही है।**
- प्रमुख फोकस क्षेत्रों में **शून्य-उत्सर्जन ईंधन** में परिवर्तन, **अनुकूलित लॉजिस्टिक्स**, तथा सतत् मूल्य शृंखलाओं का निर्माण शामिल है, जिसका लक्ष्य वैश्विक तापमान को 1.5°C से नीचे रखना है।
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या करता है।**

**39. इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी (IPEF) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे टोक्यो में लॉन्च किया गया।
2. IPEF भागीदारों को इसके सभी चार स्तंभों में भाग लेना अनिवार्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी (IPEF):**

- IPEF को 23 मई, 2022 को टोक्यो, जापान में लॉन्च किया गया था, जिसमें 14 देश शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- IPEF **क्षेत्र में विकास, आर्थिक स्थिरता और समृद्धि** को आगे बढ़ाने के लक्ष्य के साथ साझेदार देशों के बीच **आर्थिक जुड़ाव तथा सहयोग को मज़बूत करना चाहता है।**
- IPEF 4 मुख्य स्तंभों पर आधारित है:
    - **निष्पक्ष और लचीला व्यापार**
    - **आपूर्ति शृंखला में लचीलापन**
    - **स्वच्छ अर्थव्यवस्था** (नवीकरणीय ऊर्जा एवं कार्बन उत्सर्जन में कमी)
    - **निष्पक्ष अर्थव्यवस्था** (कर और भ्रष्टाचार विरोधी नीतियाँ)।
- **भारत** IPEF के **स्तंभ II से IV** में शामिल हो गया है, जबकि **स्तंभ I** में उसे **पर्यवेक्षक का दर्जा** प्राप्त है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**40. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसने भारतीय चिकित्सा परिषद का स्थान लिया।
2. इसमें पाँच स्वायत्त बोर्ड शामिल हैं।
3. NMC द्वारा प्रदान की गई मेडिकल डिग्रियाँ विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC):**

- **NMC** भारत में चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास के लिये **सर्वोच्च नियामक निकाय** है।
- NMC की **स्थापना वर्ष 2020 में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 द्वारा भारतीय चिकित्सा परिषद (Medical Council of India- MCI)** के स्थान पर की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- NMC में **चार स्वायत्त बोर्ड** शामिल हैं: स्नातक चिकित्सा शिक्षा बोर्ड, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा बोर्ड, चिकित्सा मूल्यांकन और रेटिंग बोर्ड तथा नैतिकता एवं चिकित्सा पंजीकरण बोर्ड। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- NMC चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण के मानकों और गुणवत्ता, चिकित्सकों के पंजीकरण तथा नैतिकता, एवं **चिकित्सा संस्थानों के मूल्यांकन और रेटिंग को भी नियंत्रित** करता है।
- NMC ने प्रतिष्ठित **विश्व चिकित्सा शिक्षा महासंघ (World Federation for Medical Education-WFME)** से मान्यता प्राप्त की है, जिसका अर्थ है कि **NMC द्वारा प्रदान की गई चिकित्सा डिग्रियों को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है। अत: कथन 3 सही है।**

**41. विपक्ष के नेता (LOP) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान में विपक्ष के नेता के पद का उल्लेख है।
2. वह लोक लेखा समिति का सदस्य नहीं होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**विपक्ष के नेता (LOP):**

- संविधान में **विपक्ष के नेता के पद का उल्लेख** नहीं है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वह **लोक लेखा (अध्यक्ष), सार्वजनिक उपक्रम, प्राक्कलन** जैसी महत्त्वपूर्ण समितियों तथा कई **संयुक्त संसदीय समितियों** के भी सदस्य होंगे। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- दोनों सदनों में **विपक्ष के नेता को संसद में विपक्ष** के नेता के **वेतन और भत्ते अधिनियम, 1977** के तहत वैधानिक मान्यता प्रदान की गई है तथा वे कैबिनेट मंत्री के समकक्ष **वेतन, भत्ते एवं अन्य सुविधाएँ प्राप्त करने** के हकदार हैं।

**42. सिंडिकेटेड ऋण के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें बड़ी रकम शामिल होती है, जिससे जोखिम कई वित्तीय संस्थाओं के बीच विभाजित कर दिया जाता है, ताकि उधारकर्त्ता द्वारा ऋण चुकाने में विफल होने पर पड़ने वाले प्रभाव को कम किया जा सके।
2. सिंडिकेटेड ऋणों पर ब्याज दरें हमेशा एक बेंचमार्क दर के आधार पर तय होती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सिंडिकेटेड ऋण:**

- सिंडिकेटेड ऋणों में **बड़ी मात्रा में धनराशि शामिल होती** है, जिससे जोखिम कई वित्तीय संस्थाओं के बीच विभाजित कर दिया जाता है, ताकि उधारकर्त्ता द्वारा ऋण चुकाने में विफल होने पर पड़ने वाले प्रभाव को कम किया जा सके। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस प्रकार के ऋण पर ब्याज दरें बेंचमार्क दर के आधार पर **स्थिर या अस्थिर** हो सकती हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- सिंडिकेटेड ऋण सर्वोत्तम प्रयास के आधार पर दिये जा सकते हैं, जिसका अर्थ है कि यदि पर्याप्त निवेशक नहीं मिल पाते हैं, तो उधारकर्त्ता को मिलने वाली राशि मूलत: **अनुमानित राशि से कम** होती है।

नोट :

**43. हुनर से रोज़गार योजना के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस पहल को कौशल विकास मंत्रालय द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित किया गया है।
2. इस योजना का प्राथमिक लक्ष्य 18-28 वर्ष की आयु के शिक्षित बेरोज़गार युवाओं को दीर्घकालिक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना है।
3. यह योजना पर्यटन को आर्थिक महत्त्व देती है और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने की क्षमता रखती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल 1 और 3
B. 1, 2 और 3
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**हुनर से रोज़गार योजना:**

- यह पहल पूरी तरह से **पर्यटन मंत्रालय** द्वारा वित्त पोषित है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस **योजना का प्राथमिक लक्ष्य** 18-28 वर्ष की आयु के **अशिक्षित, अर्ध-शिक्षित** और **शिक्षित बेरोज़गार युवाओं** को उनके कौशल एवं रोज़गार योग्यता में सुधार करने के लिये **अल्पकालिक व्यावसायिक प्रशिक्षण** प्रदान करना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह **योजना पर्यटन को आर्थिक महत्त्व** देती है और **सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने की क्षमता** रखती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**44. सार्वजनिक ऋण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2022-23 में भारत का ऋण-GDP अनुपात जापान, अमेरिका और ब्रिटेन की तुलना में बहुत कम था।
2. संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (UN Trade and Development- UNCTAD) की रिपोर्ट के अनुसार, विकासशील देशों में सार्वजनिक ऋण विकसित देशों की तुलना में दोगुनी दर से बढ़ रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वित्त मंत्रालय के अनुसार, **2022-23** में **भारत का ऋण-से-GDP** अनुपात **81%** था, जबकि जापान का 260.1%, अमेरिका का 121.3%, फ्राँस का 111.8% और यूके का 101.9% था। **अत: कथन 1 सही है।**
- हाल ही में **संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास (UNCTAD)** द्वारा जारी "ऋण की दुनिया 2024: वैश्विक समृद्धि पर बढ़ता बोझ" शीर्षक रिपोर्ट में दुनिया में अभूतपूर्व वैश्विक ऋण संकट का खुलासा किया गया है।
- विकासशील देशों में सार्वजनिक ऋण विकसित देशों की तुलना में दोगुनी दर से बढ़ रहा है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह 2023 में **29 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर** (कुल वैश्विक का 30%) तक पहुंच जाएगा, जो 2010 में 16% था।

**45. कभी-कभी समाचारों में देखा जाता है कि किसी मृत व्यक्ति को भविष्य में पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से उसे फ्रीज करने की प्रथा को इस रूप में जाना जाता है:**

A. क्रायोप्रिज़र्वेशन (Cryopreservation)
B. क्रायोनिक्स (Cryonics)
C. क्रायोएब्लेशन (Cryoablation)
D. क्रायोजेनिक्स (Cryogenics)

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **क्रायोप्रिजर्वेशन (Cryopreservation)** एक ऐसी प्रक्रिया है जो नमूनों को बहुत कम तापमान पर ठंडा करके **कोशिकांगों, कोशिकाओं, ऊतकों** या किसी अन्य जैविक संरचना को संरक्षित करती है।
- **क्रायोनिक्स (Cryonics)** एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें किसी **मृत व्यक्ति को फ्रीज कर** दिया जाता है, जिसका उद्देश्य भविष्य में किसी समय उस व्यक्ति को पुनर्जीवित करना होता है।
- **क्रायोएब्लेशन** एक **चिकित्सीय प्रक्रिया** है जिसमें **सौम्य या घातक ट्यूमर को नष्ट करने के लिये अत्यंत ठंडे तापमान का उपयोग किया जाता है।**

नोट :

- **क्रायोजेनिक्स** इंजीनियरिंग की वह शाखा है जिसमें **बहुत कम तापमान** (अति-निम्न तापमान, अर्थात् 123 K से नीचे), उन्हें कैसे उत्पन्न किया जाए, तथा उन तापमानों पर पदार्थ कैसे व्यवहार करते हैं, का अध्ययन शामिल है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**46. नैनो उर्वरकों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नैनो उर्वरकों में 1-100 nm (नैनोमीटर) के बीच के नैनो-स्केल की सामग्री शामिल होती है।
2. ये उर्वरकों के अत्यधिक कुशल प्रकार हैं जो फसलों को नाइट्रोजन जैसे पोषक तत्त्व प्रदान करते हैं।
3. नैनो उर्वरकों का छोटा आकार पौधों की कोशिकाओं में प्रवेश की उनकी क्षमता में बाधा उत्पन्न करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2
D. केवल 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**नैनो उर्वरक:**

- नैनो उर्वरकों में 1-100 nm (नैनोमीटर) के बीच के नैनो-स्केल की सामग्री शामिल होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ये उर्वरकों के अत्यधिक कुशल प्रकार हैं जो फसलों को नाइट्रोजन जैसे पोषक तत्त्व प्रदान करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- इन छोटे आकार वाले नैनोकणों का पौधों की कोशिकाओं में अधिक आसानी से प्रवेश होने के साथ पौधों को प्रत्यक्ष रूप से पोषक तत्त्व प्राप्त होते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**47. सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे भारत में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्था के रूप में स्थापित किया गया था।
2. इसका मुख्य उद्देश्य देश से सॉफ्टवेयर निर्यात को बढ़ावा देना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क:**

- भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना, **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत वर्ष 1991 में एक स्वायत्त संस्था के रूप में की गई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका मुख्य उद्देश्य **देश से सॉफ्टवेयर निर्यात को बढ़ावा देना** है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सॉफ्टवेयर निर्यातक समुदाय के लिये STPI द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में डेटा संचार सेवाएँ, **इनक्यूबेशन सुविधाएँ, प्रशिक्षण और मूल्यवर्द्धित सेवाएँ शामिल हैं।**

**48. अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर (AEO) कार्यक्रम के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विश्व व्यापार संगठन (WTO) के तत्त्वाधान में शुरू की गई एक वैश्विक पहल है।
2. इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा को बढ़ाने के साथ वैध वस्तुओं की आवाजाही को सुविधाजनक बनाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर (AEO) कार्यक्रम:**

- **अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर (AEO) कार्यक्रम विश्व सीमा शुल्क संगठन (World Customs Organization- WCO) के SAFE मानकों** के ढाँचे के तहत वैश्विक व्यापार को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिये शुरू की गई एक वैश्विक पहल है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- इस कार्यक्रम का उद्देश्य वस्तुओं की अंतर्राष्ट्रीय आवाजाही के दौरान सुरक्षा उपायों को मज़बूत करना तथा वैध वस्तुओं की आवाजाही को सुविधाजनक बनाना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **AEO दर्जा प्राप्त इकाई** को **विश्वसनीय व्यापारिक साझेदार** माना जाता है।

**49. निम्नलिखित में से कौन-सा स्टॉक मार्केट में "पंप एंड डंप" योजना का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. रणनीतिक निवेश के माध्यम से स्टॉक मूल्य बढ़ाने का एक वैध तरीका।

B. किसी स्टॉक की कीमत को कृत्रिम रूप से बढ़ाने और फिर उसे अधिक मूल्य पर बेचने की प्रथा।

C. कंपनियों द्वारा अपने स्वयं के शेयरों को वापस खरीदने के लिये उपयोग की जाने वाली एक विधि।

D. यह दीर्घकालिक निवेशकों द्वारा स्टार्टअप्स के शेयरों को धारण करने के लिये उपयोग की जाने वाली रणनीति है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पंप एंड डंप योजना:**

- शेयर बाज़ार में **पंप एंड डंप** योजना एक प्रकार की **हेर-फेर** गतिविधि है, जिसमें **झूठी** और **भ्रामक जानकारी** के माध्यम से स्टॉक की कीमत को **कृत्रिम रूप से बढ़ाया** जाता है, ताकि स्टॉक को बढ़ी हुई कीमत पर बेचा जा सके तथा निवेशकों को **भारी नुकसान** हो।
- स्टॉक को **चर्चा में लाने और निवेशकों को आकर्षित** करने के लिये **आक्रामक तरीके से प्रचारित** किया जाता है। एक बार जब स्टॉक की कीमत पर्याप्त रूप से बढ़ जाती है, तो बढ़ी हुई कीमतों पर **बिक्री** शुरू हो जाती है।
  - विक्रय दबाव के कारण **स्टॉक की कीमत** में भारी **गिरावट** आ जाती है, जिससे अक्सर निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है, क्योंकि **स्टॉक** अपने **वास्तविक मूल्य** पर या **उससे भी कम** पर **वापस** आ जाता है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**50. लोकसभा अध्यक्ष के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह सदन, उसकी समितियों और सदस्यों के अधिकारों और विशेषाधिकारों का संरक्षक होता है।
2. वह भारतीय संसदीय समूह के पदेन अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है।
3. वह सदन के भीतर भारत के संविधान के प्रावधानों का अंतिम व्याख्याता होता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**लोकसभा अध्यक्ष:**

- **लोकसभा अध्यक्ष सदन,** उसकी **समितियों** और **सदस्यों के अधिकारों** तथा **विशेषाधिकारों** का **संरक्षक** होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - किसी विशेषाधिकार के प्रश्न को परीक्षण, जाँच और रिपोर्ट के लिये **विशेषाधिकार समिति** को **भेजना** पूर्णत: लोकसभा अध्यक्ष पर **निर्भर** करता है।
- लोकसभा अध्यक्ष भारतीय संसदीय समूह के पदेन अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है, जो **अंतर-संसदीय संबंधों** को सुविधाजनक बनाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- लोकसभा अध्यक्ष सदन के भीतर (a) **भारत के संविधान,** (b) **लोकसभा के प्रक्रिया** और **कार्य संचालन के नियमों** तथा (c) **संसदीय मिसालों के प्रावधानों का अंतिम व्याख्याकार** होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**51. परमाणु घड़ी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक उन्नत समय-निर्धारण उपकरण है जो असाधारण सटीकता के साथ समय को मापने के लिये परमाणुओं के प्राकृतिक कंपन का उपयोग करता है।
2. इसे 1955 में लुईस एसेन द्वारा विकसित किया गया था।
3. वर्तमान में, भारत में कोई भी चालू परमाणु घड़ी नहीं है।

**ऊपर दिये गए कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

नोट :

**व्याख्या:**

**परमाणु घड़ियाँ:**

- यह एक **उन्नत समय-मापक उपकरण** है जो असाधारण सटीकता के साथ समय मापने के लिये **परमाणुओं के प्राकृतिक कंपन** का उपयोग करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे 1955 में **लुईस एसेन** द्वारा विकसित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- परमाणु घड़ियाँ पारंपरिक घड़ियों की तुलना में कहीं **अधिक सटीक** होती हैं क्योंकि **परमाणु दोलनों की आवृत्ति बहुत अधिक** होती है और वे कहीं **अधिक स्थिर** होती हैं।
- परमाणु घड़ियाँ बहुत सटीक होती हैं, **पारंपरिक परमाणु घड़ियाँ 300 मिलियन** वर्षों में एक सेकंड कम करती या अधिक प्राप्त करती हैं, जबकि **ऑप्टिकल परमाणु घड़ियाँ 300 बिलियन वर्षों** तक इस सटीकता को बनाए रख सकती हैं।
- इसका अविष्कार **लुईस एसेन ने वर्ष 1955** में किया था। वर्तमान में, भारत में परमाणु घड़ियाँ **अहमदाबाद एवं फरीदाबाद** में संचालित हो रही हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**52. भू-अभियांत्रिकी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से सीधे निपटने के लिये डिज़ाइन की गई तकनीक है।
2. यह आमतौर पर हवा से कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) को हटाकर या ग्रह की सतह तक पहुँचने वाली सूर्य की रोशनी की मात्रा को सीमित करके किया जाता है।
3. स्ट्रेटोस्फेरिक एरोसोल इंटरवेंशन (SAI) जियोइंजीनियरिंग तकनीकों का एक ऐसा ही उदाहरण है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **भू-अभियांत्रिकी** वह तकनीक है जिसे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से सीधे निपटने के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह आमतौर पर हवा से **कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$)** को हटाकर या ग्रह की सतह तक पहुँचने वाली **सूर्य की रोशनी की मात्रा** को सीमित करके किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **स्ट्रेटोस्फेरिक एरोसोल इंटरवेंशन (SAI)** एक **भू-अभियांत्रिकी** दृष्टिकोण है जो अंतरिक्ष में सूर्य के प्रकाश को परावर्तित करने और ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिये सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$) को इंजेक्ट करके ज्वालामुखी विस्फोट के शीतलन प्रभावों की नकल करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**53. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-किसान) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सभी छोटे और सीमांत भूमिधारक किसान परिवारों को आय सहायता प्रदान करने के लिये एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
2. यह लाभ बैंक खाते में प्रत्येक 3 माह की अवधि में चार समान किस्तों में प्रदान किया जाता है।
3. 2 हेक्टेयर से अधिक कृषि योग्य भूमिधारक व्यक्ति अथवा किसान परिवार केवल लाभ की आधी राशि के लिये पात्र हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-किसान):**

- **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-किसान)** सभी **छोटे और सीमांत** भूमिधारक किसान परिवारों को उनकी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये **आय सहायता** प्रदान करने हेतु एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह राशि सभी पात्र लाभार्थियों के बैंक खाते में प्रत्येक **4 माह की अवधि** में 2000 रुपए की **तीन समान किस्तों में** प्रदान की जाती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **2 हेक्टेयर से अधिक** कृषि योग्य भूमिधारक किसी भी व्यक्ति अथवा किसान परिवार को इस **योजना के तहत कोई लाभ नहीं मिलता है। अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**54. ग्रेटर टुनब, लेसर टुनब तथा अबू मूसा द्वीप, जो कभी-कभी समाचारों में दिखते हैं, निम्नलिखित में से किसके बीच विवादित क्षेत्र हैं?**

A. भारत-पाकिस्तान

B. बांग्लादेश-म्याँमार

C. इज़रायल-लेबनान

D. ईरान-यूएई

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ग्रेटर टुंब, लेसर टुंब तथाअबू मूसा द्वीप:**

- **ग्रेटर टुंब, लेसर टुंब और अबू मूसा, ईरान और यूएई के बीच छोटे विवादित द्वीप** हैं।
- वे **फारस की खाड़ी में होर्मुज़ जलडमरूमध्य के प्रवेश द्वार पर स्थित** हैं।
- ईरान दावा करता है कि ये द्वीप ऐतिहासिक रूप से फारसी क्षेत्र का हिस्सा थे, जब तक कि **20वीं सदी के आरंभ में** उन पर ब्रिटिशों ने कब्ज़ा नहीं कर लिया।
- UAE के अनुसार, ये **द्वीप रास अल-खैमाह अमीरात के थे,** जब तक कि ईरान ने कथित तौर पर वर्ष **1971 में ब्रिटेन से UAE की आज़ादी से पहले अमीरात संघ** के गठन से कुछ दिन पूर्व उन्हें बलपूर्वक ज़ब्त नहीं कर लिया था।.
- **अत: विकल्प D सही है।**

**55. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. मानव विकास संकेतकों का निम्न स्तर
2. प्राकृतिक आपदाओं की उच्च आवृत्ति
3. पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्र
4. राज्य के वित्त की अव्यवहार्य प्रकृति

किसी राज्य को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा उपर्युक्त मानदंडों में से कितने मानदंडों का निर्धारण किया गया है?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विशेष राज्य का दर्जा:**

- **राज्यों के लिये विशेष श्रेणी का दर्जा** पहली बार पाँचवें वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर **वर्ष 1969 में प्रस्तुत किया गया था।**
- **इस संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों में निम्नलिखित शामिल हैं:**
  - **पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्र**
  - कम जनसंख्या घनत्व और/या जनजातीय जनसंख्या की प्रमुख हिस्सेदारी
  - पड़ोसी देशों के साथ संलग्न सीमाओं की सामरिक स्थिति
  - आर्थिक तथा आधारभूत संरचना में पिछड़ापन
  - **राज्य के वित्त की अव्यवहार्य प्रकृति**
- **अत: विकल्प B सही है।**

**56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फास्टैग के लिये भौतिक टोल बूथ की आवश्यकता होती है, ताकि फास्टैग-सक्षम वाहनों को ट्रैक और चार्ज किया जा सके।
2. सैटेलाइट टोलिंग सिस्टम में वर्चुअल टोल बूथ होंगे, जिससे टोल संग्रह के लिये भौतिक संरचनाओं की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **फास्टैग** एक ऐसा उपकरण है जिसमें वाहन के गतिमय रहने के दौरान ही उसका टोल भुगतान करने के लिये **रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID)** तकनीक का उपयोग किया जाता है।
- **फास्टैग** को उन वाहनों को ट्रैक करने और चार्ज करने के लिये भौतिक टोल बूथ की आवश्यकता होती है जो फास्टैग-सक्षम हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- **सैटेलाइट टोलिंग सिस्टम** में **वर्चुअल टोल बूथ** होंगे जो टोल संग्रह के लिये **भौतिक संरचनाओं** की आवश्यकता को **समाप्त** कर देंगे। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्चुअल टोल बूथ वाहनों द्वारा तय की गई दूरी की निगरानी करेंगे और उनके स्थान को ट्रैक करेंगे। यह वाहनों के प्रकार, पंजीकरण संख्या और बैंक खाते का विवरण भी रिकॉर्ड करेगा।

**57. सतनामी संप्रदाय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. माना जाता है कि वे रविदासिया समुदाय की एक शाखा हैं।
2. इसकी स्थापना गुरु घासीदास ने की थी जिन्होंने एकेश्वरवाद का प्रचार किया था।
3. वे मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल में रहते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सतनामी संप्रदाय:**

- **सतनामियों** को **रविदासिया समुदाय** की एक **शाखा** माना जाता है। वे **ईश्वर** में विश्वास करते हैं जिसका नाम "**सत्य**" है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी स्थापना 19वीं सदी के संत **गुरु घासीदास** ने की थी, जिन्होंने **एकेश्वरवाद** का प्रचार किया था, वे सतनाम "**सत्य नाम**" नामक एक ईश्वर में विश्वास करते थे। **अत: कथन 2 सही है।**
- वे मुख्य रूप से **छत्तीसगढ़** में रहते हैं। यह छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति की आबादी का 11% है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**58. निम्नलिखित में से कौन BRICS का सदस्य नहीं है?**

A. अर्जेंटीना
B. इथियोपिया
C. मिस्र
D. ईरान

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**BRICS:**

- **मूल BRICS** सदस्य **ब्राज़ील**, **रूस**, **भारत**, **चीन**, **दक्षिण अफ्रीका** हैं।
- जोहान्सबर्ग में 15वें BRICS शिखर सम्मेलन में **अर्जेंटीना**, **इथियोपिया**, **मिस्र**, **ईरान**, **सऊदी अरब** और **संयुक्त अरब अमीरात**, BRICS में छह नए सदस्य बन गए।
- हालाँकि, **अर्जेंटीना** ने विस्तारित हो रहे BRICS राष्ट्र क्लब में शामिल होने की अपनी योजना **वापस** ले ली है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**59. वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट 2024 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे UN वूमेन द्वारा जारी किया जाता है।
2. सूचकांक की गणना करते समय छह प्रमुख कारकों पर विचार किया जाता है।
3. दक्षिण एशियाई देशों में भारत पहले स्थान पर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट 2024:**

- **विश्व आर्थिक मंच** द्वारा **वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट 2024** जारी किया गया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- सूचकांक की **गणना** करते समय **चार** प्रमुख **कारकों** पर विचार किया जाता है:
  - आर्थिक भागीदारी और अवसर
  - स्वास्थ्य और अस्तित्व
  - राजनीतिक सशक्तीकरण
  - शैक्षिक उपलब्धि। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **वैश्विक स्तर पर भारत 129वें** स्थान पर है। **दक्षिण एशिया** में भारत **पाँचवें** स्थान पर है, जो बांग्लादेश (99), नेपाल (111), श्रीलंका (125) और भूटान (124) से पीछे है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**60. निम्नलिखित में से कौन-सा लैग्रेंज पॉइंट्स का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. अंतरिक्ष में वे स्थान जहाँ गुरुत्वाकर्षण बल और किसी पिंड की कक्षीय गति एक दूसरे को संतुलित करते हैं।

B. पृथ्वी पर वे बिंदु जहाँ चुंबकीय क्षेत्र सबसे मज़बूत होते हैं।

C. आकाशगंगा में विशिष्ट स्थान जहाँ तारे उत्पन्न होते हैं।

D. वह स्थान जहाँ से क्षुद्रग्रह बेल्ट शुरू होती है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**लैग्रेंज पॉइंट्स:**

- **लैग्रेंज पॉइंट्स** अंतरिक्ष में वे स्थान हैं जहाँ **सूर्य** और **पृथ्वी** जैसे द्वि-पिंड तंत्र के **गुरुत्वाकर्षण बल आकर्षण** और **प्रतिकर्षण** के बढ़े हुए क्षेत्र उत्पन्न करते हैं।
- यह अंतरिक्ष में वह स्थान है जहाँ **गुरुत्वाकर्षण बल** और किसी पिंड की कक्षीय गति **एक दूसरे को संतुलित** करते हैं।
- इनका उपयोग अंतरिक्ष यान द्वारा अंतरिक्ष में **"पार्किंग स्थल"** के रूप में किया जा सकता है, ताकि वे न्यूनतम ईंधन खपत के साथ एक निश्चित स्थान पर बने रहें।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**61. सौर ऊर्जा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने वर्ष 2023 में सौर ऊर्जा उत्पादन में जापान को पीछे छोड़ दिया तथा जापान के 110 बलियिन यूनटि की तुलना में 113 बलियिन यूनटि का उत्पादन कयिा।
2. इसमें प्रत्यक्ष रूप से फोटोवोल्टिक्स (PV) का उपयोग करके या अप्रत्यक्ष रूप से केंद्रित सौर ऊर्जा का उपयोग करके सूर्य के प्रकाश को विद्युत में परिवर्तित करना शामिल है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सौर ऊर्जा:**

- भारत ने **वर्ष 2023 में सौर ऊर्जा उत्पादन में जापान को पीछे छोड़ दिया** तथा जापान के 110 बिलियन यूनिट की तुलना में **113 बिलियन यूनिट का उत्पादन** किया। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें सीधे **फोटोवोल्टिक्स (PV) का उपयोग करके या अप्रत्यक्ष रूप से केंद्रित सौर ऊर्जा का उपयोग करके सूर्य के प्रकाश को बिजली** में परिवर्तित करना शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस ऊर्जा का उपयोग बिजली उत्पन्न करने अथवा बैटरी या थर्मल स्टोरेज में संग्रहीत करने के लिये किया जा सकता है।

**62. काला अज़ार के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह संक्रमित नर बालू मक्खी (सैंड फ्लाई) के काटने से फैलता है और यदि समय पर उपचार न किया जाए तो जानलेवा हो सकता है।
2. वर्ष 2023 में, बांग्लादेश काला अज़ार का उन्मूलन करने वाला विश्व का पहला देश बना।
3. भारत में, लीशमैनिया डोनोवानी ही एकमात्र जीवाणु है जो इस रोग का कारण बनता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**काला अज़ार:**

- यह संक्रमित **मादा बालू मक्खी (सैंड फ्लाई) के काटने से** फैलता है और यदि समय पर उपचार न किया जाए तो जानलेवा हो सकता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 2023 में, **बांग्लादेश** काला अज़ार का उन्मूलन करने वाला विश्व का पहला देश बना। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत में, लीशमैनिया डोनोवानी ही **एकमात्र परजीवी** है जो इस रोग का कारण बनता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**63. आदि शंकराचार्य के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने अद्वैतवाद के सिद्धांत का प्रतिपादन किया और संस्कृत में उपनिषद, ब्रह्म सूत्र व भगवद्गीता जैसे वैदिक सिद्धांतों पर कई टिप्पणियाँ लिखीं।

नोट :

2. वह भगवान शिव के भक्त थे।
3. माना जाता है कि जोशीमठ वह स्थान है जहाँ 8वीं शताब्दी में आदि गुरु शंकराचार्य को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**आदि शंकराचार्य :**

- इन्हें **आदि शंकर** के नाम से भी जाना जाता है। इनका जन्म **केरल** के **कोच्चि** के निकट कलाडी में हुआ था।
- उन्होनें **अद्वैत सिद्धांत (अद्वैतवाद)** का प्रतिपादन किया और **वैदिक सिद्धांत** (उपनिषद, ब्रह्म सूत्र तथा भगवद गीता) पर संस्कृत में कई टिप्पणियाँ लिखीं। **अत: कथन 1 सही है।**
- वह बौद्ध दार्शनिकों के विरोधी थे।
- उन्होंने 33 वर्ष की आयु में केदार तीर्थ में समाधि ली।
- वह **शिव के भक्त** थे। **अत: कथन 2 सही है।**
- माना जाता है कि **जोशीमठ** वह स्थान है जहाँ 8वीं शताब्दी में **आदि गुरु शंकराचार्य** को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। **अत: कथन 3 सही है।**

**64. कफाला प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्रवासी श्रमिक के वीज़ा को उसके नियोक्ता (प्रायोजक) से जोड़ने की एक व्यवस्था है।
2. इसका प्रचलन सभी खाड़ी देशों में है।
3. इस प्रणाली ने बलात् श्रम की स्थितियों को जन्म दिया है जिसके परिणामस्वरूप नियोक्ताओं द्वारा श्रमिकों का शोषण और दुर्व्यवहार किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **कफाला प्रणाली:**
  - यह प्रवासी **श्रमिक के वीज़ा को उसके नियोक्ता (प्रायोजक) से जोड़ने की एक व्यवस्था** है।
  - **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसका उपयोग **सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कतर, कुवैत तथा ओमान** में विदेशी श्रमिकों के रोज़गार सृजन हेतु किया जाता है।
    - **जॉर्डन, लेबनान तथा इराक इस व्यवस्था का पालन नहीं** करते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इससे **शक्ति असंतुलन उत्पन्न होता है जो श्रमिकों के लिये बाधाएँ उत्पन्न** करता है, परिणामस्वरूप उन्हें पासपोर्ट जब्त होने तथा नौकरी बदलने में कठिनाई जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।
  - इस व्यवस्था के कारण बलात् श्रम की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसके परिणामस्वरूप नियोक्ताओं द्वारा श्रमिकों का शोषण एवं दुर्व्यवहार किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**65. हाल ही में वनाग्नि के कारण जन-समाचारों में रहा बिनसर वन्यजीव अभयारण्य स्थित है-**

A. बिहार
B. छत्तीसगढ़
C. उत्तर प्रदेश
D. उत्तराखंड

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**बिनसर वन्यजीव अभयारण्य:**

- यह बिनसर वन्यजीव अभयारण्य **उत्तराखंड के कुमाऊँ हिमालय** में स्थित है।
- इस अभयारण्य में **यूरेशियन जे, कोक्लास तीतर, मोनाल तीतर और हिमालयन कठफोड़वा** सहित **200 से अधिक पक्षी प्रजातियाँ** हैं।
- स्थानीय निवासियों के अनुसार, बिनसर का नाम **बिनेश्वर महादेव मंदिर** के नाम पर रखा गया था, जो भगवान शिव को समर्पित **16वीं शताब्दी का मंदिर** है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

■■■

नोट :